
पंजाब केसरी
WED,21 JANUARY 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया शुरू : डा. राजेश शर्मा

धर्मशाला, 20 जनवरी (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च-2025 में आयोजित दसवीं एवं जमा दो कक्षा की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जमा दो कक्षा के साइंस ग्रुप के 100, आर्ट्स एवं कॉमर्स ग्रुप के 100 तथा दसवीं कक्षा के 400 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इसके लिए योग्यता सूची, स्वीकृति प्रपत्र एवं बिल प्रपत्र बोर्ड की वैबसाइट के स्टूडैंट कॉर्नर में स्कॉलरशिप लिंक पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि योग्यता सूची में शामिल पात्र परीक्षार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात आवेदन पत्र एवं बिल प्रपत्र की हार्ड कॉपी डाऊनलोड कर अपने शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य, संस्था प्रमुख से सत्यापित करवाकर अंतिम तिथि से 10 दिनों के भीतर पंजीकृत डाक द्वारा सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला (कांगड़ा) के पते पर भेजना अनिवार्य होगा। बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन आवेदन की अवधि 21 जनवरी 2026 से 20 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित परीक्षार्थी एवं प्रधानाचार्य की होगी।

डा. शर्मा ने यह भी बताया कि छात्रवृत्ति भुगतान के लिए परीक्षार्थी के बैंक खाते एवं आधार कार्ड की सत्यापित छायाप्रति हार्ड कॉपी के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। छात्रवृत्ति का चयन अंतिम मैरिट सूची के आधार पर किया जाएगा तथा केवल पात्र मेधावी विद्यार्थियों को ही इसका लाभ प्रदान किया जाएगा।

# दसवीं और बारहवीं कक्षा के मेधावियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

अनंत ज्ञान

## ◆ 21 जनवरी से 20 फरवरी तक ऑनलाइन करना होगा आवेदन

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने मार्च-2025 में आयोजित जमा दो कक्षा की परीक्षा के विज्ञान संकाय के 100, कला व वाणिज्य के 100 तथा दसवीं कक्षा के 400 मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

इसके लिए योग्यता सूची, स्वीकृति प्रपत्र एवं बिल प्रपत्र बोर्ड की वेबसाइट में उपलब्ध करा दिए गए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस आशय की विज्ञप्ति में बताया कि योग्यता सूची में शामिल परीक्षार्थी ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात आवेदन पत्र एवं बिल प्रपत्र की हार्ड कॉपी बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर अपने अध्ययनरत शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य/संस्था प्रमुख से सत्यापित करवाकर अंतिम तिथि से 10 दिनों के भीतर पंजीकृत डाक द्वारा सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला (कांगड़ा)176215 के पते पर भेजना सुनिश्चित करें। ऑनलाइन आवेदन की तिथि 21 जनवरी से 20 फरवरी तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित परीक्षार्थी एवं प्रधानाचार्य की होगी। इसके अतिरिक्त संबंधित संस्थानों के प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि मेरिट कम मेंस, एससी, एसटी तथा बैकवार्ड क्लास की आरक्षित छात्रवृत्तियों को छोड़कर अन्य परीक्षार्थियों को केवल एक ही विभाग या संस्था से छात्रवृत्ति प्रदान की जाए। इसके लिए सभी तथ्यों की जांच कर छात्र के स्वीकृति प्रपत्र एवं बिल प्रपत्र को सत्यापित करना अनिवार्य होगा। यदि परीक्षार्थी ने बोर्ड छात्रवृत्ति के अतिरिक्त किसी अन्य विभाग से भी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है, तो उसका विवरण हार्ड कॉपी में स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए। भुगतान के लिए परीक्षार्थी के बैंक खाते एवं आधार कार्ड की सत्यापित छायाप्रति हार्ड कॉपी के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। गौरतलब है कि पात्रता के आधार पर जमा दो कक्षा के विज्ञान संकाय के 100, कला तथा वाणिज्य संकाय के 100 तथा दसवीं कक्षा के 400 पात्र मेधावी विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। चयन प्रक्रिया अंतिम मेरिट सूची के अनुसार की जाएगी।

Divya Himachal
21-01-2026

# दसवीं और 12वीं के 600 छात्रों को मिलेगा वजीफा



- 2025 सत्र के होनहारों को मिलेगा लाभ, स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आमंत्रित किए आवेदन

नगर संवाददाता- धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सत्र 2025 के लिए मेधावी विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति से संबंधित अधिसूचना जारी की है। बोर्ड द्वारा मार्च 2025 में आयोजित जमा दो (12वीं) की परीक्षा के साइंस ग्रुप के 100 आर्ट्स एंड कॉमर्स ग्रुप के 100, और दसवीं कक्षा के 400 पात्र मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि पात्र छात्रों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रक्रिया, मेरिट सूची, स्वीकृति प्रपत्र (अक्सेप्टेंस फॉर्म) और बिल प्रपत्र (बिल फॉर्म) बोर्ड की वेबसाइट पर स्टूडेंट कॉर्नर के अंतर्गत स्कॉलरशिप लिंक पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। सभी पात्र परीक्षार्थियों को ऑनलाइन आवेदन/बिल प्रपत्र की हार्ड कॉपी डाउनलोड कर, उसे आवश्यक दस्तावेजों सहित अपने संबंधित शिक्षण संस्थान के माध्यम से पंजीकृत डाक द्वारा सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला (कांगड़ा)-176215 के पते पर भेजना होगा। यह हार्ड कॉपी अंतिम तिथि से दस दिन के भीतर बोर्ड कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। स्कूल शिक्षा बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यह छात्रवृत्ति मेरिट-कम-मीन्स आधार पर प्रदान की जाएगी। एससी/ एसटी एवं पिछड़ा वर्ग के छात्रों को छोड़कर अन्य परीक्षार्थियों को केवल एक ही विभाग/संस्थान से छात्रवृत्ति दी जाएगी।

## 20 फरवरी तक मौका

ऑनलाइन आवेदन करने की तिथियां 21 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित परीक्षार्थी एवं संस्थान के प्रधानाचार्य की होगी।

## दस्तावेजों की जांच

सभी तथ्यों की जांच के उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा आवेदन पत्र, बिल प्रपत्र एवं अन्य दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य होगा। यदि किसी परीक्षार्थी ने परीक्षा के बाद किसी अन्य विभाग से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है, तो उसका विवरण एवं प्रमाणपत्र आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। साथ ही, परीक्षार्थी के बैंक खाते का आधार कार्ड से सत्यापित होना भी अनिवार्य किया गया है।

## मेरिट आधार पर मिलेगी छात्रवृत्ति

बोर्ड ने यह भी दोहराया है कि छात्रवृत्ति का चयन अंतिम मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा और केवल निर्धारित संख्या में ही पात्र छात्रों को लाभ मिलेगा।


Dainik Jagran
21-01-2026

# छात्रवृत्ति के लिए आज से करें आवेदन

**जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला :** मार्च 2025 में आयोजित दसवीं और जमा दो कक्षा की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 21 जनवरी से आरंभ करने की घोषणा की है। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा के अनुसार, इस योजना के तहत जमा दो कक्षा के साइंस ग्रुप के 100, आर्ट्स एवं कामर्स ग्रुप के 100 तथा दसवीं कक्षा के 400 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। योग्यता सूची, स्वीकृति प्रपत्र एवं बिल प्रपत्र बोर्ड की वेबसाइट के स्टूडेंट कार्नर में स्कालरशिप लिंक पर उपलब्ध हैं।

डा. शर्मा ने बताया कि योग्यता सूची में शामिल पात्र परीक्षार्थियों को आनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदन पत्र और बिल प्रपत्र की हार्ड कापी अपने शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य से सत्यापित करवाकर अंतिम तिथि से 10 दिन के भीतर पंजीकृत डाक से सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला के पते पर भेजना अनिवार्य होगा। आनलाइन आवेदन की अवधि 21 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक निर्धारित की है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित परीक्षार्थी और प्रधानाचार्य की होगी। छात्रवृत्ति का चयन अंतिम मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा, और केवल पात्र मेधावी विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा।

Divya Himachal 21-01-2026



# बोर्ड परीक्षा में बैठेंगे पौने दो लाख छात्र

**स्टाफ रिपोर्टर–धर्मशाला**

■ फाइनल वैरिफिकेशन के बाद जारी किए जाएंगे रोल नंबर

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की दसवीं व जमा दो की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन तीन मार्च से किया जाएगा। इस बार राज्य भर से पौने दो लाख से अधिक छात्र बोर्ड की फाइनल परीक्षाओं में भाग लेंगे। बोर्ड परीक्षाओं के लिए छात्राओं की रजिस्ट्रेशन व एग्जामिनेशन फीस का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसमें दसवीं में 92 हजार के करीब छात्रों व जमा दो में 82 हजार से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन व परीक्षा शुल्क जमा करवा दिया है। अब स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से फाइनल वैरिफिकेशन का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। आगामी माह फरवरी में परीक्षार्थियों के रोल नंबर एवं एडमिट कार्ड जारी कर दिए जाएंगे।

## पंजीकरण प्रक्रिया पूरी

स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डा. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थियों के रजिस्ट्रेशन व परीक्षा शुल्क संबंधित कार्य किया जा रहा है। फाइनल सूची बनाकर उनके रोल नंबर भी जारी कर दिए जाएंगे।